तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 30 जून 2026

11 तापमान में गिरावट के बावजूद गर्मी से राहत नहीं, दो दिन में देखने को मिलेगा मौसम में बदलाव



12 गांव से गुजरते तेज रफ्तार वाहन, बिजली-पानी का संकट, सड़क पर उतरे बोलनी के ग्रामीण



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार
**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हादसे में घायल व्यक्ति के बयान पर 21 मई को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। वह हादसे के बाद मौके से फरार हो गया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में महेंद्रगढ़ के मोड़ी निवासी चालक कैलाश को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी कब्जे में ले लिया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू
**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 2 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद राजस्थान के पीपलीवाला निवासी प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### पीसीए एक्ट में एक चढ़ा पुलिस के हत्थे
**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने पीसीए एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट करने और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत 28 जून को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पशुओं के साथ क्रूरता के आरोपी केस में केस बनाया गया है। उस पर पशु के साथ बेरहमी से मारपीट करने के भी आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने रामगढ़ निवासी रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले का आरोपी किया काबू
**जाटूसाना।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में दाखिल घायल के बयान पर 24 जून को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने दूसरे पक्ष पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने गुरुग्राम के मौजाबाद निवासी जतिन को इस केस में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त लोहे का कड़ा भी बरामद किया गया है।

### बस स्टैंड पर सड़क निर्माण की मांग
**बेरली कलां।** गांव के बस स्टैंड पर सड़क टूटकर जर्जर हो चुकी है। इससे दुकानदारों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार सतीश, उमेश, कैलाश, बीरसिंह व विनोद आदि ने बताया कि बस स्टैंड का मुख्य बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। सड़क बुरी तरह टूट चुकी है, जिससे दिन भर उड़ने वाली धूल काफी परेशान करती है। लंबे समय से सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। दुकानदारों ने प्रशासन से सड़क का जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

### पंप हाउस से एक व्यक्ति का शव बरामद
**रेवाड़ी।** कालाका वाटर वर्क्स के पंप हाउस से सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस ने उसे सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि पंप हाउस में किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से शव को बाहर निकलवाया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 50 साल है।

लंबा चक्कर लगा रहे हजारों वाहन चालकों का इंतजार लंबा, पेड़ काटने तक बंद रहेगा इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य

# पेड़ काटने की परमिशन अटकी, अधर में फ्लाईओवर का निर्माण, कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अलग खबर

महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे पर डहीना के निकट निर्माणाधीन आरओबी के कार्य पर पेड़ काटने की अनुमति नहीं मिलने से ब्रेक लग चुका है। लगभग 60 प्रतिशत तक कार्य पूरा होने के बाद शेष कार्य पेड़ों की अनुमति व कटाई के बाद ही शुरू हो सकेगा। आरओबी के जल्द निर्माण की उम्मीद लगाए बैठे हजारों वाहन चालकों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

इस फ्लाईओवर का निर्माण शुरू हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है। एचएसआरडीसी की ओर से पुल निर्माण का ठेका सर्वोदय कंपनी को दिया हुआ है। पहले पुल निर्माण की डेडलाइन 1 साल तय की गई थी, जिसे बाद में बढ़ा दिया गया था। कंपनी की ओर से सड़क के हिस्से का लगभग 60 प्रतिशत तक कार्य पूरा कर दिया गया है। दोनों ओर स्लैब तैयार करने शेष हैं। इसके बाद रेलवे लाइन के ऊपरी हिस्से का निर्माण रेल विभाग की ओर से ब्लॉक मिलने के बाद कराया जाएगा। फ्लाईओवर निर्माण की जगह रेलवे फाटक के दोनों ओर भारी भरकम पेड़ खड़े हैं, जो अब निर्माण की राह में बाधा पहुंचा चुके हैं। इन पेड़ों को काटने की परमिशन के लिए फाइल वन विभाग के चंडीगढ़ मुख्यालय को भेजी हुई है। अनुमति मिलने से पहले ही गत दिनों हाईकोर्ट ने पेड़ों की कटाई पर सख्ती दिखाते हुए पूरे प्रदेश में आगामी आदेशों तक रोक लगा दी थी। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के शुरू में ही होनी है। अगर कोर्ट का रुख निर्माण कार्यों को लेकर पक्ष में जाता है, तो ही पेड काटने की अनुमति मिल सकती है।

### कोर्ट के फैसले पर करेगा डिपेंड
पेड़ों की कटाई को लेकर मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जुलाई माह में इस पर फैसला आ सकता है। पुल निर्माण के लिए पेड़ कटाई की फाइल सही तरीके से लगाई हुई है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद ही अनुमति मिल सकती है।
-संदीप कुमार, रेंज आफिसर।



रेवाड़ी। डहीना के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर। फोटो : हरिभूमि



### दुपहिया वाहनों को भी राहत नहीं
रेल विभाग की ओर से पुल निर्माण कार्य के चलते रेवाड़ी-सादलपुर रेल मार्ग पर बने रेल फाटक को सभी वाहनों के लिए बंद करा दिया गया है। पहले फाटक खुला रहने से दुपहिया वाहन चालक आसानी से निकल जाते थे। बाद में फाटक सभी वाहनों के लिए बंद कर दिया गया। अब दुपहिया वाहन चालकों को भी मेन रोड तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### परमिशन के बाद ज्यादा समय नहीं
पुल निर्माण का अधिकतर कार्य पूरा हो चुका है। पिलर तैयार होने के बाद फाटक के दोनों ओर स्लॉब एरिया का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। फिनिशिंग का कार्य ही शेष बचा हुआ है। क्रेन और दूसरी मशीनें पेड़ों के कारण पुल के ऊपरी हिस्से तक नहीं पहुंच पा रही हैं, जिस कारण इस कार्य को पेड़ काटे जाने तक के लिए रोक दिया गया है। पेड़ कटाई का इंतजार भी लंबा खिंचता जा रहा है।

### 8 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही
*इस प्रमुख स्टेट हाइवे से हजारों की संख्या में महेंद्रगढ़ की ओर रोजाना आवागमन होता है। पुल निर्माण शुरू होने से पहले वैकल्पिक मार्ग का निर्माण वाया कंवाली कराया गया था, जिससे वाहन चालकों को लगभग 8 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। दैनिक आवागमन करने वाले वाहनों का मासिक तेल खर्च भी काफी बढ़ जाता है। नौकरीपेश लोगों को समय पर ड्यूटी और घर पहुंचना भी मुश्किल बना हुआ है।*



रेवाड़ी। निर्माणाधीन आरओबी के पास खड़े भारी भरकम पेड़। फोटो : हरिभूमि

### परमिशन के बाद नहीं होगी देरी
पेड़ कटाई की परमिशन के लिए काफी समय से वन विभाग के मुख्यालय को फाइल भेजी हुई है। अब मामला हाईकोर्ट में होने के कारण निर्णय का इंतजार किया जा रहा है। पेड़ों की कटाई की अनुमति मिलते ही तेज गति से कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
-भूपेंद्र कुमार, साइट इंजीनियर।

एसएचओ रतनलाल के प्रयास लाए रंग

# ढूंढ निकाले किसान के 1.5 लाख रुपये



रेवाड़ी। नकदी सौंपने के बाद परिवार की महिला को मिठाई खिलाते एसएचओ रतनलाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरसों बेचकर ट्रैक्टर से घर लौट रहे एक किसान के 1.5 लाख रुपये ट्रैक्टर से गिरने के बाद पूरे परिवार में मायूसी छा गई थी। मामला मॉडल टाउन थाने तक पहुंचा, तो एसएचओ रतनलाल ने अपनी टीम के साथ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए उस व्यक्ति तक पहुंचने में सफलता हासिल की, जिसने किसान के पैसे उठाए थे। उससे पैसे वापस लेने के बाद किसान को थमाए, तो पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। परिजनों ने पगड़ी पहनाकर एसएचओ का सम्मान किया। गत 13 जून को आसरा का माजरा निवासी अजय ने साल भर की खेत की कमाई के रूप में डेढ़ लाख रुपये की सरसों अनाजमंडी में बेची थी। पांच सौ के नोटों की तीन गड्डियां ट्रैक्टर छतरी में बने बैग में डालने के बाद वह घर के लिए निकला था। जाटूवास गांव के पास नोटों से भरी थैली ट्रैक्टर के बैग से गिर गई। घर जाने के बाद जब अजय को पैसे नहीं मिले, तो उसके होश उड़ गए। उसने वापस आकर जाटूवास के पास बने स्पीड ब्रेकर के दोनों ओर नकदी की तलाश शुरू की, तो उसे खाली थैली वहां मिल गई। उससे नकदी गायब थी। पूरा परिवार साल भर की मेहनत पर पानी फिरने से परेशान था। इसके बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई।

### सीसीटीवी फुटेज से लगाया पता
पैसे गिरने और गायब होने की शिकायत मिलने के बाद एसएचओ रतनलाल ने अपनी टीम के साथ नकदी की तलाश शुरू की। पुलिस की मेहनत उस समय रंग लाई, जब एक व्यक्ति फुटेज में पैसे उठाते दिखाई दिया। आसपास के गांवों में फुटेज के आधार पर उसकी पहचान हुए, तो उसने पैसे लौटा दिए। एसएचओ ने परिवार को बुलाकर नकदी सौंप दी। परिजनों ने खुशी जताते हुए एसएचओ का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

### बेरली कलां में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज
**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार, 30 जून को गांव बेरली कलां में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। सीटीएम ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान परिवार पहचान पत्र व राशन कार्ड से संबंधित समस्या के लिए हैल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी। इसके अलावा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

*बीते सप्ताह पाली के पास खड़े डंपर में घुस गई थी बाइक, पहले भी कई बार डंपरों के कारण हो चुके हादसे*

# बेलगाम डंपरों का हाइवे पर जमावड़ा लगातार हो रहे वाहन टकराकर हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर डंपरों का मनमाने तरीके से खड़ा करना आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। बीते सप्ताह सड़क किनारे खड़े डंपर में बाइक घुसने से पाली के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। इससे पहले भी इन डंपरों के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। राजस्थान के खानक एरिया से बड़ी संख्या में डंपरों का आवागमन होता है। सैकड़ों की संख्या में खाली डंपर खनन सामग्री लेने के लिए रेवाड़ी से नारनौल की ओर निकलते हैं। खनन सामग्री लेने के बाद यह वाहन वापसी करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर भी होते हैं। जैसलमेर नेशनल हाइव पर सड़क के दोनों ओर होटलों और ढाबों के आसपास इन डंपरों को खड़ा कर दिया जाता है।

दिन में तो दूसरे वाहन बचाव कर लेते हैं, परंतु रात के समय दूसरे वाहनों के डंपरों से टकराने की आशंका बनी रहती है। पाली गांव का एक युवक बिना इंडिकेटर जलाए सड़क किनारे खड़े डंपर में बाइक सहित घुस गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। आउटर बाइपास से लेकर नारनौल तक नेशनल हाइवे के दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहन सड़क किनारे खड़े हादसों को बुलावा देते रहते हैं।






रेवाड़ी। खोरी के पास नेशनल हाइवे पर खड़े डंपर, टोल टैक्स बैरियर के पास सड़क पर खड़े डंपर। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस के साथ मिलकर करेंगे कार्रवाई
सड़क के दोनों ओर खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार एनएचएआई के पास नहीं है। इसके लिए पुलिस विभाग को पत्र लिखा गया है। जल्द ही पुलिस को साथ लेकर अभियान शुरू किया जाएगा। ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **-बसंत कुमार, रेजिडेंट इंजीनियर, एनएचएआई।**

# गोठड़ा के खेतों में चोरों की सेंध, कई किसानों का सामान ले गए

- थाना खोल पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोठड़ा टप्पा खोरी में चोर एक ही रात में कई किसानों के खेतों से बिजली की केबल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। थाना खोल पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। इससे पहले भी चोर गांव के कई किसानों का सामान चोरी कर चुके हैं। पुलिस शिकायत में परमात्मा शरण, बिजेंद्र, धर्मबीर, गणेशीलाल व वेदप्रकाश आदि किसानों ने बताया कि चोर रात के समय उनके ट्यूबवेल की केबल व बिजली का सामान चोरी कर ले गए। चोरी किए गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। किसानों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। एक किसान बिजेंद्र के खेत में अज्ञात लोगों ने बीते पखवाड़े आग लगा दी थी, जिससे उसका काफी सामान जल गया था। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।





रेवाड़ी। केबल चोरी के लिए खोदा गड्ढा दिखाते किसान व खेत में जलाई गई केबलें।

### जमीन खोदकर निकाली केबल
चोरों ने किसानों के नलकूप पर बनी कोठड़ियों से बोरवेल तक जमीन की खुदाई करते हुए केबल निकाल ली। इसके बाद खेतों में डालकर केबल जलाते हुए कॉपर के तार चोरी कर ले गए। इससे पहले भी गांव में चोरी की वारदात हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

परेशानी | खोरी अंडरपास में पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी

मानसून के सीजन में संकट खड़ा होने के बावजूद समाधान नहीं

# मानसून से पहले अंडरपास बनने लगे आफत बारिश के सीजन में हो जाएगा बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून का सीजन अभी शुरू नहीं हुआ है, परंतु इससे पहले ही अंडरपास वाहन चालकों के लिए आफत बनने शुरू हो गए हैं। हल्की बारिश के बाद कई अंडरपास में पानी एकत्रित हो गया है, जिससे वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। मानसून के सीजन में लगभग एक दर्जन अंडरपास भारी मात्रा में जलभराव से संकट खड़ा कर सकते हैं।

रेल विभाग की ओर से बनाए गए अंडरपास में से बड़ी संख्या में टिनशेड से कवर किए हुए हैं। एक दर्जन के आसपास अंडरपास ऐसे हैं, जिन्हें ढका नहीं गया है। इनमें बारिश शुरू होते ही भारी मात्रा में पानी एकत्रित हो जाता है। रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद खोरी अंडरपास में पानी एकत्रित हो गया, जिससे वाहनों का निकलना मुश्किल बन गया। रेल विभाग की ओर से अंडरपास से पानी निकालने के लिए प्राइवेट ठेका दिया हुआ है। ठेकेदार समय पर अंडरपास से पानी नहीं निकलवा पाते, जिससे वाहन चालकों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खोरी अंडरपास में बारिश का पानी भर जाने से यह तालाब में तब्दील हो गया और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित नजर आए, जबकि कई चारपहिया वाहन भी पानी के बीच से जोखिम उठाकर गुजरते दिखाई दिए। सबसे चिंता की बात यह है कि अभी बारिश का मौसम शुरू ही हुआ है। यदि हल्की बारिश में ही यह स्थिति है तो आने वाले दिनों में होने वाली तेज बारिश के दौरान हालात कितने गंभीर होंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जलभराव के कारण अंडरपास से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।



रेवाड़ी। अंडरपास से पानी निकालते हुए ट्रैक्टर और इंतजार में खड़े वाहन चालक।

### पानी निकासी का समाधान नहीं
स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरपास बनने के बाद से ही यहां पानी निकासी की समस्या बनी हुई है। हर वर्ष बरसात के दौरान अंडरपास में पानी भर जाता है, लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बारिश का पानी कई-कई घंटे तक अंडरपास में जमा रहता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। करोड़ों रुपये खर्च कर अंडरपास तो बना दिए गए, लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई।

### डबल फाटक अंडरपास भी आफत
शहर का डबल फाटक अंडरपास भी हर मानसून में जलभराव की समस्या से जूझता है। यहां अक्सर बारिश के दौरान पानी भर जाने से वाहन बीच रास्ते में बंद हो जाते हैं। कई बार लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है और वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ता है। पिछले वर्षों में भी कई बार जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो पाया।

### प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग


लोगों ने संबंधित विभागों से मांग की है कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। अंडरपासों में उच्च क्षमता के पंप, नियमित सफाई, नालों की डी-सिल्टिंग और स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि हर वर्ष दोहराई जाने वाली इस समस्या से लोगों को राहत मिल सके। जल्द समाधान नहीं किया गया तो आगामी दिनों में होने वाली तेज बारिश के दौरान हालात बिगड़ सकते हैं।

हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
30 जून 2026

# सहेली



पचास-पचपन की उम्र हुई नहीं कि हमें यह लगने लगता है, अब कुछ नया करने की उम्र गई। यह सोचना गलत है, उम्र के किसी पड़ाव पर आप कुछ ऐसा कर सकती हैं, जो आपको नई पहचान दे। अपने आस-पास ऐसे कई उदाहरण भी मिल जाएंगे, जब महिलाओं ने बड़ी उम्र में कुछ अनोखा करके अपनी नई पहचान के लिए उड़ानें भरी हैं।


## हर उम्र में संभव है नई पहचान की उड़ान

कवर स्टोरी
स्नेहा सिंह

'अब उम्र हो रही है, इस उम्र में क्या कुछ नया करूंगी।' पचास-पचपन की उम्र की महिलाओं को यह कहते हुए हम अकसर सुनते हैं। हमारे समाज में लंबे समय तक महिलाओं को कुछ निश्चित भूमिकाओं में बांधकर देखा जाता है- बेटी, पत्नी, बहू और मां की भूमिका में। इन भूमिकाओं को निभाते-निभाते ज्यादातर महिलाएं यह मान बैठती हैं कि उनके अपने सपने पूरा करने, कुछ नया करने की संभावनाओं का समय पीछे छूट चुका है, अब वे कोई उड़ान नहीं भर सकती हैं, अपनी कोई नई पहचान नहीं बना सकती हैं। लेकिन सच इससे बिल्कुल अलग है। जीवन किसी कैलेंडर की तारीख का नाम नहीं, निरंतर बदलती संभावनाओं की यात्रा है। आज समय भी काफी बदल चुका है। इस नए दौर में आप किसी भी उम्र में जीवन के नए पड़ाव पर आकर कुछ नया कर सकती हैं। हर उम्र में नई पहचान बना सकती हैं। किसी क्षेत्र में नए सिरे से अपना करियर शुरू कर सकती हैं, अपने भीतर छिपी क्षमताओं को पहचान सकती हैं, कुछ बड़ा कर सकती हैं। इतना ही नहीं, लोगों के लिए एक मिसाल बन सकती हैं।

### उम्र केवल बताती है शारीरिक अवस्था

महिलाओं के लिए, यह समझना आवश्यक है कि उम्र केवल शारीरिक अवस्था बताती है, संभावनाओं की सीमा नहीं। अनेक महिलाएं बच्चों के बड़े हो जाने के बाद अपने पुराने शौक फिर से शुरू करती हैं। किसी संगीत-नृत्य सीखती है, कोई अभिनय, कोई चित्रकला, लेखन तो कोई अपना व्यवसाय शुरू करती हैं। कई महिलाएं सामाजिक कार्यों में सक्रिय होकर अपनी पहचान बनाती हैं।



### स्वयं को फिर से पहचानने का समय


महिलाओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जिसने जीवन का अधिकांश समय दूसरों के लिए समर्पित कर दिया होता है। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने अपने सपनों को पीछे छोड़ दिया होता है। लेकिन जीवन का कोई भी चरण हो, स्वयं को पुनः खोजने का अवसर बन सकता है। यह समय स्वयं से कुछ प्रश्न पूछने का होता है कि 'मुझे वास्तव में क्या करना अच्छा लगता है? कौन-सा सपना मैंने अधूरा छोड़ दिया था? मैं अपने लिए क्या नया सीखना चाहती हूं? मैं अपने जीवन को और अर्थपूर्ण कैसे बना सकती हूं?' इन प्रश्नों के उत्तर कई बार जीवन की नई दिशा तय कर देते हैं। आज ऑनलाइन एजुकेशन, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सामाजिक अवसरों ने सीखने और आगे बढ़ने की अनंत संभावनाएं खोल दी हैं।

### आत्मविश्वास की नई उड़ान

देखा जाता है कि कुछ नया करने की चाहत में महिलाओं को अकसर यह डर सताता है कि समाज क्या कहेगा? लेकिन जीवन के नए खूबसूरत पड़ाव उन्हीं को मिलते हैं, जो दूसरों की धारणाओं से अधिक अपने सपनों पर विश्वास करते हैं। पचास-पचपन साल की आयु में कोई नया काम शुरू करना असामान्य नहीं है। दुनिया में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं, जहां लोगों ने जीवन के उत्तरार्ध में बहुत बड़ी सफलताएं प्राप्त की हैं। महत्वपूर्ण यह नहीं कि शुरुआत कब हुई, शुरुआत हुई यह बात मायने रखती है। जब महिलाएं स्वयं पर विश्वास करती हैं, तब उम्र उनकी राह का अवरोध नहीं बनती, बल्कि अनुभव उनकी सबसे बड़ी पूंजी बन जाती है, जिसके सहारे वे अपनी तरक्की की सीढ़ियां चढ़ती हैं। एक बड़ी पहचान पाती हैं।

### नई शुरुआत का साहस

जीवन का सबसे सुंदर सत्य यह है कि हर सुबह एक नया अवसर लेकर आती है। चाहे कोई सपना पूरा करना हो, नया कौशल सीखना हो या स्वयं को फिर से पहचानना हो, हर उम्र



इसके लिए उपयुक्त होती है। महिलाओं को यह याद रखना चाहिए कि उनकी पहचान केवल उनकी जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है। वे सपने देखने, स्वयं निर्णय लेने और नया जीवन शुरू करने का पूरा अधिकार रखती हैं। हम इस बात को समझें, उम्र केवल वर्षों की गिनती है, जबकि जीवन संभावनाओं का नाम है। इसलिए यदि मन में उम्मीद, आत्मविश्वास और सकारात्मक भाव हैं तो कोई भी उम्र जीवन का नया पड़ाव बन सकती है। किसी भी उम्र में कोई नई शुरुआत की जा सकती है, अपने सपने पूरे किए जा सकते हैं और एक शानदार पहचान पाई जा सकती है।



### सकारात्मक सोच का जादू

**नई शुरुआत** की सबसे बड़ी शर्त है- सकारात्मक सोच। जीवन में हर व्यक्ति को असफलताओं, निराशाओं और संबंधों की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन जो लोग आशा बनाए रखते हैं, वे हर कठिनाई में अवसर खोज लेते हैं। सकारात्मक सोच का अर्थ समस्याओं को नकारना नहीं, बल्कि यह विश्वास रखना है कि उनका समाधान संभव है। यही सोच व्यक्ति को आगे बढ़ने की शक्ति देती है। स्वयं के प्रति सम्मान और भविष्य के प्रति आशा जगाती है, जीवन को नई दिशा प्रदान करती है। जब हम अतीत के बोझ को छोड़कर वर्तमान को स्वीकार करते हैं, तब नए रास्ते अपने आप खुलते जाते हैं।

## अपने रिश्तों को ऐसे बनाए रखें स्ट्रॉन्ग

मैरीड रिलेशन का स्ट्रॉन्ग होना बहुत जरूरी है। मजबूत रिश्तों की नींव प्रेम, अपनापन, भरोसा, खुला संवाद, संवेदनशीलता और आपसी सम्मान पर टिकी होती है। इन बातों को अपनाकर आप अपने पार्टनर के साथ एक खुशहाल जिंदगी जी सकती हैं।

मैरीड लाइफ
शिखर चंद जैन



हमारे जीवन में मजबूत रिश्तों का बहुत महत्व है, ये हमारा जीवन खुशहाल बनाते हैं। बात जब पति-पत्नी के रिश्ते की हो तो यह बात और ज्यादा मायने रखती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रसिद्ध हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट बताती है कि खुशहाल जीवन का सबसे बड़ा आधार सिर्फ रोमांटिक रिश्ते नहीं, मजबूत सामाजिक संबंध भी होते हैं। रिश्तों का दायरा जब दोस्ती, परिवार, सहकर्मियों और समाज तक फैलता है, तब जीवन अधिक संतुलित और संतोषजनक हो जाता है। मैरीड लाइफ में अपने पार्टनर के साथ रिश्ते मजबूत और मधुर रखने के लिए कुछ सामान्य बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

**'ट्रस्ट बैंक' बनाएं:** रिश्ते बैंक अकाउंट की तरह होते हैं। इसमें ट्रस्ट का होना बहुत जरूरी है। जब आप किसी से किया वादा निभाती हैं, तो आप प्यार-स्नेह और साख अपने रिश्ते के बैंक अकाउंट में डिपॉजिट करती हैं। जब आप वादा तोड़ती हैं, तो आपका खाता डेबिट होता है। हमेशा एक मजबूत रिश्ते के लिए अकाउंट में भरोसा और प्यार का बैलेंस ज्यादा होना चाहिए।



**विनम्र और संवेदनशील बनें:** किसी भी रिश्ते में मजबूती की पहली शर्त विनम्रता और संवेदनशीलता होती है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बताती है कि परोपकार और दूसरों की मदद करने से दिमाग में 'लव हार्मोन' यानी ऑक्सीटोसिन का लेवल बढ़ता है। जब हम बिना किसी स्वार्थ के कुछ देते हैं तो खुद के भीतर भी अपनापन और संतोष बढ़ता है। संतोष की यही भावना हमारे पारस्परिक रिश्तों को भी मजबूत बनाती है।

**खुली बातचीत जरूरी:** रिश्तों में मौन और मन ही मन शिकायत से अकसर गलतफहमी पैदा होती है। अपनी जरूरतों, डर और इच्छाओं को खुलकर कहें। यह मान लेना कि 'उसे तो पता ही होगा' अकसर रिश्तों में दूरी का कारण बनता है। अपनी भावनाओं को स्पष्ट रूप से कहें और पार्टनर को समझने का मौका दें।

**बनाए रखें रिश्ते की मर्यादा:** किसी भी रिश्ते में नोक-झोंक या छोटे-मोटे झगड़े होना सामान्य सी बात है। चाहे झगड़ा कितना भी बड़ा क्यों न हो, रिश्ते की मर्यादा बनाए रखें। कभी भी 'ब्रेकअप' या अलग होने की धमकी न दें। अपशब्दों का प्रयोग या पार्टनर को नीचा दिखाना आपके रिश्ते में हमेशा के लिए कड़वाहट घोल सकता है।

**बिना शर्त स्वीकार्यता:** यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो की रिसर्च बताती है कि जो लोग रिश्तों को परफेक्ट मानने की उम्मीद करते हैं, वे जल्दी निराश होते हैं। दूसरों को वैसा स्वीकार करें, जैसे वे हैं। उन्हें बदलने की कोशिश न करें।


**एक-दूसरे को दें क्वालिटी टाइम:** सिर्फ एक-दूसरे के साथ होना काफी नहीं है, एक-दूसरे से बातें भी करें। बिना फोन या टीवी के एक-दूसरे के साथ समय बिताएं। यह जुड़ाव को गहरा करता है, पुराने मीठे पलों को याद करने का मौका देता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की रिसर्च बताती है कि रिश्तों की गुणवत्ता इस बात से तय नहीं होती कि हम साथ में कितना समय बिताते हैं, यह इस बात से तय होती है कि हम बिना किसी डिस्ट्रक्शन के एक-दूसरे के साथ कितनी और कैसी बातचीत करते हैं।

**आभार और प्रशंसा:** अकसर हम छोटी-छोटी चीजों या बातों को टेकेन फॉर ग्रांटेड ले लेते हैं। छोटी बातों पर तारीफ करना, रिश्ते में जादू की तरह असर करती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट जॉन गेटमैन कहते हैं, 'रिश्तों में संवाद का मतलब सिर्फ शिकायत या अपेक्षाएं करना नहीं होता बल्कि एक-दूसरे की सराहना करना भी शामिल होता है।'

यह सही है कि वर्कप्लेस पर बढ़िया परफॉर्म करने और उन्नति के लिए मेहनत, लगन से कार्य करना सबसे जरूरी है। लेकिन ऑफिस में आपका मन न लगे तो कुछ वास्तु उपायों को आजमा सकते हैं। इससे आपका मन तो लगेगा ही आप निरंतर उन्नति भी करेंगे।

## अगर ऑफिस में नहीं लगता मन वास्तु के अनुसार करें ये बदलाव

वास्तु सलाह
अनीता जैन, वास्तुविद




ऑफिस में हमारी डेस्क केवल काम करने की जगह नहीं होती, बल्कि यह हमारी ऊर्जा, मनोदशा और कार्यक्षमता को भी प्रभावित करती है। कई बार व्यक्ति उत्साह के साथ ऑफिस तो पहुंच जाता है, लेकिन डेस्क पर बैठते ही थकान, चिड़चिड़ापन या काम में मन न लगने जैसी समस्याएं महसूस होने लगती हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार कार्यस्थल पर मौजूद सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का सीधा प्रभाव हमारे मन और करियर पर पड़ता है। इसलिए यदि आपकी ऑफिस डेस्क व्यवस्थित, सुंदर और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होगी, तो कार्य में मन भी लगेगा और तरक्की के रास्ते भी खुलेंगे।




**डेस्क पर बढ़ाएं हरियाली:** वास्तुशास्त्र में हरे-भरे पौधों को समृद्धि और शांति का प्रतीक माना गया है। ऑफिस डेस्क के उत्तर या पूर्व दिशा में मनी प्लांट, बैंबू प्लांट या छोटे इनडोर प्लांट्स रखना शुभ माना जाता है। हरा रंग मानसिक सुकून देने के साथ तनाव को कम करने में भी सहायक होता है। वहीं सूखे, कांटेदार या बोनसाई पौधों को डेस्क पर नहीं रखना चाहिए, क्योंकि इन्हें निराशा और रुकावट का सूचक माना गया है। डेस्क के उत्तर दिशा में हरियाली, जंगल या लहलहाती फसलों का चित्र लगाने से मन प्रसन्न रहता है और मेहनत का पूरा फल मिलता है।

**सकारात्मक चित्र देते हैं प्रेरणा:** ऑफिस डेस्क पर लगाए गए चित्र भी आपके मन और ऊर्जा पर प्रभाव डालते हैं। रोता हुआ बच्चा, डूबता जहाज, आग, टूटी मूर्ति या कांटेदार पौधों के चित्र नकारात्मकता बढ़ाते हैं। इसके स्थान पर उगते सूर्य, उड़ते पक्षी, भागते घोड़े, स्वस्तिक या पेड़-पौधों के चित्र लगाना शुभ माना जाता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार डेस्क के उत्तर-पूर्व दिशा में अपने इष्टदेव की छोटी तस्वीर अवश्य रखनी चाहिए। कार्य शुरू करने से पहले उन्हें प्रणाम करने से मानसिक स्पष्टता प्राप्त होती है और व्यक्ति को सकारात्मक मार्गदर्शन मिलता रहता है। इससे आत्मविश्वास और कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है।

**फूल-प्रकाश बढ़ाते हैं उत्साह:** ऑफिस डेस्क पर ताजे फूलों का छोटा गुलदस्ता रखने से वातावरण खुशनुमा बना रहता है। वास्तु के अनुसार फूल सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं और मानसिक तनाव कम करने में मदद करते हैं। ध्यान रखें कि मुरझाए या सूखे फूल तुरंत हटा देने चाहिए, क्योंकि ये नकारात्मकता बढ़ाते हैं। इसके साथ ही डेस्क के आस-पास सही प्रकाश व्यवस्था होना भी बेहद जरूरी है। बहुत तेज या बहुत कम रोशनी आंखों और मन दोनों को प्रभावित करती है। पर्याप्त प्रकाश न होने पर वहां नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती है, जिससे कार्यों में बाधा, बहस और मानसिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। इसलिए हमेशा ऐसी लाइटिंग रखें, जो आंखों को सुकून दे और काम करने में सहजता महसूस हो।

**साफ-सुथरी और व्यवस्थित हो डेस्क:** वास्तुशास्त्र के अनुसार गंदी-अव्यवस्थित डेस्क नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाती है। डेस्क को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना चाहिए। पेन-पेंसिल और अन्य जरूरी सामान के लिए सुंदर पेन स्टैंड का उपयोग करें।




स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## नेचुरल कूलिंग क्रीम से पाएं ताजगी का एहसास

उमस भरे इस मौसम में इंटरनल हेल्थ के साथ-साथ त्वचा की देखभाल भी जरूरी है। गर्मी, पसीना और धूल मिट्टी से त्वचा चिपचिपी और बेजान हो जाती है। कुछ लोगों को तो जलन भी महसूस होने लगती है। इससे राहत पाने के लिए कई महिलाएं ब्यूटी सैलूनों में ट्रीटमेंट करवाने जाती हैं या ब्रांडेड कंपनियों के ब्यूटी प्रोडक्ट्स अप्लाई करती हैं। ये काफी महंगे तो होते ही हैं, कई बार इनसे कोई खास फायदा भी नहीं मिलता है। ऐसे में आप चाहें तो घर में मौजूद नेचुरल चीजों से ही ईजिली नेचुरल कूलिंग क्रीम तैयार कर सकती हैं। ये क्रीम्स फेस स्किन को कूल करेंगी और आपको ताजगी का अहसास भी दिलाएंगी।



**एलोवेरा-गुलाब जल क्रीम:** इस कूलिंग क्रीम को तैयार करने के लिए कांच की कटोरी में एक चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच खीरे के रस को एक चम्मच की मदद से तब तक अच्छे से मिक्स करें, जब तक कि यह एक हल्की और मुलायम क्रीम जैसा न दिखने लगे। जैसे ही इसका टेक्सचर क्रीमी हो जाए, समझ लीजिए आपकी होममेड कूलिंग क्रीम तैयार है। इस क्रीम को फ्रिज में रख लें। इस क्रीम को आप सीधे चेहरे और त्वचा के खुले हिस्से पर लगा सकती हैं और लगाने के कुछ देर बाद ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। चिपचिपी गर्मी के मौसम में राहत दिलाने में यह बहुत कारगर क्रीम है। रात या दिन में लगाने से पहले चेहरे को साफ पानी से जरूर धो लें ताकि चेहरे पर जमा धूल, मिट्टी और प्रदूषण को हटाया जा सके, अन्यथा यह क्रीम ज्यादा प्रभावी नहीं होगी। चेहरे को साफ करने के बाद इस क्रीम को हल्के हाथों से आहिस्ता-आहिस्ता लगाएं और इसे कुछ समय के लिए छोड़ दें। कुछ देर बाद आप चेहरा धो सकती हैं। इस क्रीम को आप दिन में दो बार यानी सुबह और रात में इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके नियमित उपयोग से चेहरे को ठंडक मिलेगी और ताजगी का भी अहसास होगा। इस क्रीम को बनाने के दो-तीन दिन के अंदर ही उपयोग कर लें, क्योंकि इसमें किसी प्रिजर्वेटिव का इस्तेमाल नहीं होता है।



**एलोवेरा-कैस्टर ऑयल क्रीम:** कांच की कटोरी में 2 चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच कैस्टर ऑयल और 2 विटामिन-ई के कैप्सूल मिला लें। रात को सोते समय इस क्रीम को चेहरे पर इस तरह लगाएं कि क्रीम चेहरे पर पूरी तरह से एब्जॉर्ब हो जाए। रोज लगाने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क नजर आना शुरू हो जाएगा।

डाइट एडवाइस
डॉ. अंशु चौहान
डाइटीशियन

## उमस भरे मौसम में ऐसी हो डाइट

इस मौसम में डाइट प्लान बनाते समय महिलाओं को अपनी उम्र का ध्यान रखना जरूरी है। किस एज की महिलाओं का कैसा होना चाहिए डाइट प्लान, यहां डिटेल में बता रहे हैं।





हालांकि कई इलाकों में बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन अभी उमस भरी गर्मी बरकरार है। दिन के समय धूप निकलते ही गर्मी बेचैन करने लगती है। ऐसे में आपको थकान, चिड़चिड़ापन, कमजोरी या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए अपनी डाइट सही ढंग से प्लान करना जरूरी है।

**टीनएजर्स डाइट:** इस उम्र में लड़कियों का शरीर तेजी से बढ़ता है। पीरियड्स भी शुरू हो जाते हैं और हार्मोनल उतार-चढ़ाव सबसे अधिक होते हैं। इसलिए इनकी डाइट में आयरन, कैल्शियम और मैक्रो न्यूट्रिएंट्स सबसे जरूरी होते हैं।

**क्या खाएं:** सुबह सबसे पहले खाली पेट एक ग्लास सादा पानी पिएं। नाश्ते में मूंग दाल का चीला या दलिया लें। दोपहर के भोजन में रोटी, दाल, हरी सब्जी और एक कटोरी दही लें। जिससे सारे पोषक तत्व शरीर को पर्याप्त मात्रा में मिल सकेंगे। दही में मौजूद प्रोबायोटिकस हार्मोंस को नेचुरली बैलेंस करते हैं। भीगे हुए पांच से छह बादाम रोज खाएं। छाछ में जीरा और काला नमक मिलाकर दोपहर में लें, क्योंकि यह पेट को ठंडा रखने में मदद करता है। सत्तू के शर्बत में नीबू, काला नमक और जीरा पावडर मिलाकर लें। यह सबसे सस्ता प्रोटीन और एनर्जी ड्रिंक है। नारियल पानी का सेवन इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस करने के साथ-साथ थकान और डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**क्या न खाएं:** पैकेज्ड फूड्स, ड्रिंक्स, पिज्जा, बर्गर और मैदा की बनी कोई चीज खाने से बचें। चाय-कॉफी भी कम पिएं।

**युवा महिलाएं:** इस उम्र की महिलाओं को एनर्जी, फर्टिलिटी और हार्मोनल बैलेंस, तीनों का एक साथ ध्यान रखना जरूरी है। आपकी थोड़ी-सी लापरवाही से पीसीओडी, थायरॉइड और क्रॉनिक फटीग जैसी समस्या से आप घिर सकती हैं।

**क्या खाएं:** आपकी डाइट में पर्याप्त प्रोटीन, कार्ब्स, गुड फैट्स, फाइबर और मिनरल्स होने चाहिए। साथ ही एक छोटी चम्मच अलसी का पावडर आहार में शामिल करें, जो ओमेगा 3 फैटी एसिड्स जैसे तत्वों से भरपूर होती है। इसके अलावा रात को भिगोकर रखे गए मेथी बीज को सुबह खाएं। यह थायरॉइड और ब्लड शुगर दोनों को मेंटेन रखता है। नारियल पानी के साथ-साथ सीजनल फ्रूट्स जैसे पपीता, अनार, खीरा नियमित अपने दिनचर्या में शामिल करना फायदेमंद होता है।

**क्या न खाएं:** रिफाइंड शुगर, मैदा, बाहर का तला-भुना खाना और पैकेज्ड फ्रूट जूस न लें। रात को भारी खाना न खाएं, क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को नुकसान पहुंचा सकता है।

**40 प्लस महिलाएं:** इस उम्र में अकसर मेटाबॉलिज्म धीमा होने लगता है। इसलिए इस उम्र में सही डाइट का चयन सबसे अधिक जरूरी हो जाता है। रात भर भिगोए मेथी के दाने का पानी सुबह खाली पेट पीना ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल और हार्मोन बैलेंस में सहायक है। नाश्ते में सत्तू का परांठा या दलिया खाएं। तिल इस उम्र की महिलाओं के लिए सबसे जरूरी फूड है। दोपहर में नारियल का पानी, बेल का शर्बत पिएं, जो लिवर को ठंडा रखने में कारगर साबित होता है। शाम को छाछ में जीरा और सेंधा नमक मिलाकर पिएं। लौकी, तोरई, टिंडा और पुदीने की चटनी रोज खाने से इस उमस भरे मौसम में शरीर में ठंडक बनी रहती है।

**क्या न खाएं:** अधिक नमक वाला और तला-भुना खाना न खाएं क्योंकि ये ब्लड प्रेशर को बढ़ाते हैं। चाय और कॉफी की मात्रा बहुत कम लें। डाइट प्लान के लिए डाइटीशियन से संपर्क कर सकती हैं।

प्रस्तुति: संध्या रानी

**खबर संक्षेप**

### कैबिनेट मंत्री विपुल आज अटेली अनाज मंडी में

**मंडी अटेली।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल 30 जून आज अटेली मंडी में दुकान नंबर 25 पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान संजय अग्रवाल ने बताया कि कैबिनेट मंत्री का अटेली में पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत होगा। उनके आगमन पर कस्बे के विकास व उत्थान के लिए मांग पत्र भी सौंपा जाएगा।

### अटेली में सीएसडी कैंटीन खोलने की मांग

**नारनौल।** अटेली में सीएसडी कैंटीन खोलने, सैनिक, पूर्व सैनिकों की अन्य मांगों को लेकर 10 जुलाई को अटेली तहसील कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल ने कहा कि अटेली क्षेत्र सैनिक तथा पूर्व सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है। अटेली में सीएसडी कैंटीन न होने के कारण 55-60 गांवों के सैनिक, पूर्व सैनिक व उनके परिवारों को सामान खरीदने के लिए दूर नारनौल, महेन्द्रगढ़, कनीना तथा रेवाड़ी जाना पड़ता है। उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### नई सराय सेन चौक के पास सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात सतवीर सिंह वर्मा के निवास स्थान नई सराय सेन चौक के पास सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। मंडल सदस्य तरुण सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### कनीना में 232 बोतल अवैध शराब बरामद

**कनीना।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने कोका में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही आरोपित मौके से भागने में कामयाब हो गया। जिसके विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर खास ने पुलिस को कोका में अवैध शराब बेचने की सूचना दी। देसी शराब की 14 पेटी पव्वा व चार पेटी देशी शराब व पांच बोतल ठेका शराब अंग्रेजी सहित कुल 232 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### खेतों से पाइप व नोजल चोरी, किसान चिंतित

**कनीना।** गांव कोका व बहाला में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में कई किसानों के खेतों को निशाना बनाते हुए फसल सिंचाई में काम आने वाले दर्जनों एल्युमीनियम पाइप व फव्वारों की पीतल की नोजल चोरी कर ली। इस बारे में कोका के रहने वाले किसान विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 27 जून की सायं करीब छह बजे अपने खेत में सिंचाई के लिए 10 एल्युमीनियम पाइप और 12 पीतल की नोजल रखी थी। 28 जून को देखा तो पाइप व नोजल गायब मिली। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने एक ही रात में कई खेतों में सेंधमारी की।

### रेलवे 55 जोड़ी ट्रेनों में 147 अतिरिक्त कोच लगाएगा

# ग्रीष्मावकाश को देखते हुए रेलवे ने बढ़ाए टेनों में कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गर्मी की छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ा फैसला लिया है। रेलवे प्रशासन 55 जोड़ी ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों के कुल 147 अतिरिक्त कोच अस्थायी रूप से जोड़ेगा, ताकि यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध हो सकें और वेटिंग सूची का दबाव कम हो।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यह व्यवस्था जुलाई 2026 के दौरान विभिन्न तिथियों में लागू रहेगी। अतिरिक्त कोचों में थर्ड एसी, सेकेंड एसी, फर्स्ट एसी, स्लीपर तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं। रेलवे ने जिन प्रमुख ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है, उनमें लंबी दूरी की ट्रेनों की संख्या ज्यादा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त कोच लगाए जाने से यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की जानकारी और कोच स्थिति की पुष्टि रेलवे कीआधिकारिक वेबसाइट या रेल ऐप के माध्यम से कर लें।



रेवाड़ी। रेलवे जंक्शन का फाइल फोटो।

#### इन ट्रेनों में बढ़ाए गए अतिरिक्त कोच

| | |
|---|---|
| 22471/22472 | लालगढ़-दिल्ली सराय रोहिल्ला |
| 20473/20474 | दिल्ली सराय रोहिल्ला-उदयपुर सिटी |
| 22977/22978 | जयपुर-जोधपुर |
| 19611/19614 | अजमेर-अमृतसर |
| 19613/19612 | अजमेर-अमृतसर |
| 19625/19626 | अजमेर-बांद्रा टर्मिनस |
| 20993/20994 | जयपुर-उदयपुर सिटी |
| 20987/20988 | उदयपुर सिटी-असारवा |
| 14801/14802 | जोधपुर-इंदौर |
| 12465/12466 | इंदौर-भगत की कोठी |
| 14854/14853 | जोधपुर-वाराणसी सिटी |
| 14864/14863 | जोधपुर-वाराणसी सिटी |
| 14866/14865 | जोधपुर-वाराणसी सिटी |
| 22987/22988 | अजमेर-आगरा फोर्ट |
| 14807/14808 | जोधपुर-दादर |
| 20483/20484 | भगत की कोठी-दादर |
| 04827/04828 | भगत की कोठी/जोधपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल |

#### इन ट्रेनों में भी बढ़ाए गए अतिरिक्त कोच

20485/20486 जैसलमेर-साबरमती
20491/20492 साबरमती-जैसलमेर
12987/12988 अजमेर-सियालदह
20995/20996 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस
09627/09628 अजमेर-सोलापुर स्पेशल
14735/14736 श्रीगंगानगर-अंबाला एक्सप्रेस
04705/04706 हनुमानगढ़-जयपुर स्पेशल
54751/54752 हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर
54753/54754 श्रीगंगानगर-भटिंडा
54755/54756 श्रीगंगानगर-भटिंडा
54765/54766 भटिंडाझ्रधुरी
04711/04712 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल
04715/04716 बीकानेर-साईनगर शिर्डी स्पेशल
22497/22498 श्रीगंगानगर-तिरुच्चिरापल्ली
20481/20482 भगत की कोठी-तिरुच्चिरापल्ली
12481/12482 श्रीगंगानगर-दिल्ली
14731/14732 दिल्ली-भटिंडा एक्सप्रेस
04717/04718 हिसार-तिरुपति स्पेशल
22463/22464 बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला
14713/14714 दिल्ली सराय रोहिल्ला-सीकर
12463/12464 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर
20471/20472 श्रीगंगानगर-पुरी
19617/19618 मदार-रेवाड़ी
19619/19620 रेवाड़ी-फुलेरा
59631/59632 रेवाड़ी-हिसार
19621/19622 रेवाड़ी-फुलेरा
59629/59630 फुलेरा-जयपुर
09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी
14795/14796 भिवानी-कालका
14705/14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी
14725/14726 भिवानी-मथुरा
54793/54794 मथुरा-सवाई माधोपुर
14715/14716 हिसार-जयपुर
14733/14734 जयपुर-भटिंडा
54703/54704 जयपुर-भटिंडा
12495/12496 बीकानेर-कोलकाता
22473/22474 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस
22491/22492 जोधपुर-दिल्ली


## तापमान में गिरावट के बावजूद गर्मी से राहत नहीं

■ आज भी आंशिक बादल छाए रहने की संभावना, इस सप्ताह झमाझम बारिश के आसार

**दो दिन में देखने को मिलेगा मौसम में बदलाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रविवार देर सायं और सोमवार सुबह कई इलाकों में बूंदबांदी और हल्की बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन भारी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली। दिन भर गर्म हवाएं चलने से उमस भरी गर्मी ने जमकर परेशान किया। अगले 24 से 48 घंटों में मौसम में बड़ा बदलाव देखते को मिल सकता है। इस दौरान झमाझम बारिश होने की पूरी संभावना है। सोमवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे। कई इलाकों में बौछारें गिरीं। कुछ इलाकों में हल्की बरसात भी हुई। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 41.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 2.4 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 25.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 40 प्रतिशत तक रहा। दोपहर तक आसमान साफ होने क बाद हवाएं गर्म हो गइं। उमस इस कदर बढ़ी की कूलर और पंखों की हवा भी गर्म हो गई। लोग शाम तक पसीना-पसीना होते रहे। शाम के समय आसमान में बादल गहराने के बाद गर्मी का असर कुछ कम हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले बुधवार और वीरवार से मौसम में बड़ा बदलाव आ सकता है। कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज हवाएं चलने या आंधी आने से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।


रेवाड़ी। एक खेत में की गई बाजरे की ताजा बिजाई। फोटो: हरिभूमि

#### किसानों ने बाजरे की बिजाई शुरू की

किसानों ने तेज की बाजरे की बिजाई इस समय किसानों ने बाजरे की बिजाई शुरू कर दी है। कुछ इलाकों में अभी भी अच्छी बरसात का इंतजार किया जा रहा है। कई किसान नलकूपों के पानी से सिंचाई करते हुए बाजरे की बिजाई कर रहे हैं। अगर अच्छी बारिश जल्द होती है, तो इससे किसानों को काफी राहत मिलेगी। दूसरी ओर भारी गर्मी के कारण बिजली की दैनिक खपत बढ़कर 90 लाख यूनिट से ज्यादा हो गई है, जिससे लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ रहा है।

### बजाड़ का चिराग एशिया में चमका, कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया भारत का मान

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के छोटे से गांव बजाड़ का एक खिलाड़ी आज एशियाई मंच पर भारत की ताकत बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना में मुख्य नाविक पद पर तैनात चिराग यादव ने एशियाई पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कांस्य पदक दिलाया और पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।चिराग की हर स्पाइक में आत्मविश्वास और हर अंक में जीत का जुनून साफ नजर आया। उन्होंने प्रतियोगिता में कुल 74 अंक बटोरे, जिनमें 62 आक्रमण, छह ब्लॉक और छह सर्विस अंक शामिल हैं। उनके इस दमदार प्रदर्शन ने भारतीय टीम को लगातार जीत दिलाते हुए अंतिम चार तक पहुंचाया और पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मिट्टी से मंच तक का सफर बजाड़ की साधारण गलियों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने वाले चिराग का सफर संघर्ष,मेहनत और जुनून की मिसाल है। गांव के सरकारी स्कूल से शुरू हुई पढ़ाई, फिर निजी स्कूलों में शिक्षा और उसके बाद गुजरात में उच्च माध्यमिक पढ़ाई हर पड़ाव पर उन्होंने अपने खेल को निखारा और लक्ष्य से नजर नहीं हटाई। युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत आज चिराग यादव सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बन चुके हैं।






### दो आरोपित गिरफ्तार, अवैध हथियार व कारतूस बरामद

**नारनौल।** जिले में अपराध एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को अवैध हथियारों व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपित हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने सचिन निवासी गांव भिंढोर थाना सदर बहरोड़ राजस्थान को एक अवैध देसी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस सहित काबू किया। वहीं रवि निवासी गांव गुजरवास थाना अटेली को एक अवैध देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध थाना नांगल चौधरी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपित सचिन थाना नांगल चौधरी में दर्ज हत्या के मुकदमें में फरार चल रहा था।

## सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा कड़ी

**नाके, सिविल ड्रेस में पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दंगा नियंत्रण बल रहेगा तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीएम नायब सिंह सैनी के 30 जून को कृषि महाविद्यालय बावल में प्रस्तावित राज्य स्तरीय खेत बचाओ अभियान के समापन समारोह को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन में कार्यक्रम स्थल से लेकर सभी प्रमुख मार्गों तक सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ रिहर्सल कर बैरिकेडिंग, वीवीआईपी मूवमेंट, पार्किंग, मीडिया गैलरी, हेलीपैड, चेकिंग प्वाइंट, आपातकालीन व्यवस्थाओं तथा वैकल्पिक यातायात मार्गों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए तथा यातायात भी सुचारू रूप से संचालित रहे। कार्यक्रम स्थल के आसपास जाम की स्थिति न बने, इसके लिए विशेष योजना तैयार की गई है। असमाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर पुलिस अधीक्षक ने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यक्रम की आड़ में यदि कोई असामाजिक या आपराधिक गतिविधि करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन से भी अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। सुरक्षा व्यवस्था के तहत बावल क्षेत्र में 13 पुलिस नाके स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की तैनाती, दंगा निरोधक दस्ता, बम निरोधक दस्ता, टियर गैस स्क्वॉड तथा वज्र वाहन भी सुरक्षा व्यवस्था में शामिल रहेंगे।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि कार्यक्रम के दौरान अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।


रेवाड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश देते हुए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

#### यह पुलिस अधिकारी रहे मौजूद

रिहर्सल के दौरान डीएसपी मुख्यालय डॉ. रविंद्र सिंह, डीएसपी संजीव बल्हारा, डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी विद्यानंद, डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार सहित सभी ड्यूटी प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## रोजी-रोटी की तलाश में घर से निकले युवक की मौत

**कनीना।** हर पिता का सपना होता है कि उसका बेटा एक दिन उसके बुढ़ापे का सहारा बनेगा, लेकिन जब उसी बेबस पिता को अपने जवान बेटे का मृत शरीर आंखों के सामने देखना पड़े, तो उस दर्द की कल्पना करना भी सिहरन पैदा कर देता है। ऐसी ही एक अत्यंत हृदयविदारक घटना कनीना से सामने आई है, जिससे मध्य प्रदेश के एक गरीब परिवार की मानो दुनिया उजड़ गई है। बता दें कि मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले की बिजावर तहसील स्थित ग्राम कोसमबेर के रहने वाले मातादीन विश्वकर्मा का युवा बेटा रामसेवक पिछले दो सालों से कनीना में रहकर राज मिस्त्री का काम कर रहा था। मिस्त्री का कार्य करते हुए अपना तथा परिवार का पेट पालने के लिए रोजाना पसीना बहा रहा था। 27 जून को रामसेवक दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद वापस अपने किराये के कमरे पर लौट रहा था, तभी एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल काल बनकर आई। जिसके चालक रामसेवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट लगने के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपित बाइक चालक घायल को संभालने या अस्पताल पहुंचाने के बजाय मोटरसाइकिल सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से उसे उप नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। जब पिता मातादीन ने अपने बेटे का शव देखा, तो मानों उन पर दुखों का पहाड़ टूट गया। मानवीय संवेदनाओं की दृष्टि से देखा जाए तो यह घटना महज एक सड़क हादसा नहीं, बल्कि एक गरीब प्रवासी मजदूर के संघर्षों का दुखद अंत है।

## 5 बच्चों के पिता ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव फतनी में एक मजदूर द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव फतनी निवासी करीब 37 वर्षीय वीर सिंह ने किसी अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक वीर सिंह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में तीन लड़कियां और दो लड़के हैं। वीर सिंह की मौत के बाद बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं अटेली थाना प्रभारी देवेंद्र ने बताया कि इस मामले की अभी उनके पास कोई आधिकारिक सूचना नहीं है।

**दूसरी ओर** गांव दुबलाना निवासी करीब 83 वर्षीय बिरजू सिंह की मौत हो गई। बिरजू सिंह की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे नारनौल के निजी अस्पताल लेकर गए थे, जहां उसकी मौत होने पर नागरिक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया।



## स्पीकर हरविंदर कल्याण ने डॉ. अभय सिंह यादव से की मुलाकात

**प्रदेश की राजनीति और महेंद्रगढ़ के विकास पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण सोमवार शाम को जयपुर से सीधे नांगल चौधरी पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व विधायक एवं पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव के नारनौल आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई।

दोनों नेताओं के बीच करीब डेढ़ घंटे तक विस्तार से बातचीत हुई। इस दौरान हरियाणा की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के साथ-साथ महेंद्रगढ़ जिले को विकास की नई दिशा देने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, विकास कार्यों में तेजी लाने तथा जनहित से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों नेताओं ने महेंद्रगढ़ जिले के समग्र विकास और क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मुलाकात को हरियाणा की राजनीति और महेंद्रगढ़ क्षेत्र के विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक के बाद दोनों नेताओं ने आपसी संवाद और विकास से जुड़े विषयों पर आगे भी सकारात्मक विचार-विमर्श जारी रखने की बात कही।

**जानकारी** प्रगतिशील किसानों से संवाद करेंगे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

# सीएम के आगमन को लेकर अधिकारियों ने लिया जायजा, 21 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि महाविद्यालय बावल में 30 जून को सुबह 10 बजे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान खेत बचाओ अभियान के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इस समारोह में हजारों किसान भाग लेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक डा. कृष्ण कुमार व हिसार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव राज कंबोज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि भूमि की उर्वरता को बनाए रखने, उत्पादन लागत में कमी लाने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने तथा किसानों को वैज्ञानिक व लाभकारी कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्रों के तत्वावधान में खेत बचाओ अभियान एक जून से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिसका समापन समारोह बावल में मंगलवार को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हरियाणा प्रदेश के लिए एफपीओ मिशन का शुभारंभ करेंगे। इस मिशन का उद्देश्य हरियाणा में कृषि उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाकर किसानों की आय को बढ़ाना एवं कृषि विपणन के कार्य को सुगम व सुदृढ़ बनाना है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सबसे पहले यहां बनाई गई चौपाल पर प्रगतिशील किसानों के साथ संवाद करेंगे। इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ पंडाल में लगाई गई कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। प्रदर्शनी में कृषि की नवीनतम तकनीक, उन्नत कृषि यंत्र, प्राकृतिक खेती, मृदा एवं जल संरक्षण, फसल विविधीकरण तथा कृषि एवं किसान कल्याण की योजनाओं को सुसज्जित स्टॉलों पर प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विभिन्न जिलों से आए प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करेंगे।


रेवाड़ी। समारोह स्थल का जायजा लेते हुए डीसी व एसपी। फोटो: हरिभूमि

#### इन परियोजनाओं का किया जाएगा शुभारंभ

*डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस अवसर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बावल विधानसभा क्षेत्र के लिए 121 करोड़ 4 लाख 78 हजार रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इनमें 19 करोड़ 75 लाख 9 हजार रुपये की लागत से बावल में बने राजकीय महिला महाविद्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। इसके साथ ही नगर पालिका बावल के 20 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से तैयार हुए पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स का उद्घाटन होगा।*

#### आधारशिला के लिए यह परियोजनाएं शामिल

आईएमटी बावल के फेज-3 में 31 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड, एम्स माजरा भालखी के लिए 28.78 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नहर आधारित जलघर, 6.60 करोड़ रुपये की लागत से रांसी माजरी में स्थापित किए जाने वाले 33 केवी सब स्टेशन, बिदावास में 8 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से स्थापित होने वाले 33 केवी सब स्टेशन, 49 लाख 8 हजार रुपये की लागत से गांव बिशनपुर से गुज्जर माजरी तथा गांव गुर्जरों की ढाणी से पिलियों की ढाणी तक बनने वाले लिंक रोड, 4 करोड़ 57 लाख 58 हजार रुपये की लागत से बाखापुर कसोला गांव में बनने वाली पीएचसी, गांव मन्हेटी और गांव भालखी माजरा में एक करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो सब हेल्थ सेंटरों की आधारशिला रखी जाएगी।

## ग्रामीणों ने कोटकासिम रोड पर लगाया जाम, मौके पर पहुंचे अधिकारियों के आश्वासन पर माने

# गांव से गुजरते तेज रफ्तार वाहन, बिजली-पानी का संकट, सड़क पर उतरे बोलनी के ग्रामीण

- कोटकासिम मार्ग पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा
- भारी गर्मी में बिजली के बिना बच्चों और बुजुर्गों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा
- पिछले दिनों सड़क किनारे खड़ी एक बुजुर्ग महिला को डंपर ने कुचल दिया था




रेवाड़ी। समस्याओं को लेकर जाम लगाने वाले लोग तथा जाम के बाद सड़क पर वाहनों की लगी लाइन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी बोलनी गांव में बिजली-पानी की समस्या कई दिनों से बनी हुई है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोटकासिम मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे बड़ी संख्या में वाहन गांवों की गलियों से तेज रफ्तार में निकलते हैं। इससे हादसों की आशंका बनी रहती है। इन प्रमुख समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने कोटकासिम मार्ग पर जाम लगाया, तो नींद टूटते ही अधिकारी ग्रामीणों के बीच पहुंच गए। समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग पर लगभग 3 घंटे बाद ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हुए। इस दौरान कोटकासिम मार्ग पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ ग्रामीण बस स्टैंड के पास पहुंचे। वहां सड़क पर पत्थर व अन्य अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। जाम लगाने के बाद व्यस्त मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गईं। जाम लगाने वाले ग्रामीणों ने कहा कि गांव की राजनीति के चलते पाइप लाइन को तोड़ दिया। पिछले 10 दिन से गांव में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। बिजली के अघोषित कट लगाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। भारी गर्मी में बिजली के बिना बच्चों और बुजुर्गों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पहले मंत्री के नाम एक शिकायत भी दी थी। उसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों के जाम लगाने के बाद बड़ी संख्या में वाहन सड़क के दोनों ओर एकत्रित हो गए। वाहनों की लंबी लाइनों में फंसे वाहन चालकों को भारी गर्मी में जमकर परेशानी उठानी पड़ी।

### हादसों का कारण बन रहे वाहन

ग्रामीणों ने बताया कि फोरलेन करने के लिए 6 माह पहले रोड की खुदाई की थी। अब रोड को डबल बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य भी धीमा है। जिससे भारी वाहनों का आवागमन गांव से हो रहा है। गांव में बाहरी वाहनों के कारण अक्सर हादसों का डर बना रहता है। पिछले दिनों सड़क किनारे खड़ी एक बुजुर्ग महिला को डंपर ने कुचल दिया था। इसके बावजूद प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बड़ी संख्या में ओवरलोड डंपर गांव के बीचों-बीच मौत बनकर निकलते हैं, जिनकी चपेट में बच्चे आ सकते हैं। इनका तुरंत समाधान किए जाने की जरूरत है।

### अधिकारियों ने दिया समाधान का भरोसा

जाम की सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के समझाने के बावजूद ग्रामीण अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े रहे। पुलिस की सूचना पर पब्लिक हेल्थ, बिजली निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ग्रामीणों के बीच पहुंचे। सड़क निर्माण का कार्य तेज कराने का आश्वासन दिया गया। गांव में बिजली-पानी की समस्या का निदान भी जल्द करने की बात कही गई। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर इन समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो ग्रामीण एक बार फिर से सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे।



## शहीद विजेंद्र सिंह यादव की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

डहीना। सीहा में सोमवार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के शहीद उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह यादव की 8वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। गांव के शहीद स्मारक पर आईटीबीपी अधिकारियों, जवानों, परिजनों और ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में आईटीबीपी जाटूसाना बटालियन के सहायक कमांडेंट वीरेंद्र सिंह अपने दल के साथ स्मारक स्थल पहुंचे और शहीद को नमन करते हुए पुष्पचक्र अर्पित किया। इस अवसर पर आईटीबीपी की ओर से शहीद की वीरांगना ममता देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश प्रधान, दीपक यादव, रवि मोरध्वज, हवा सिंह यादव, रामप्रसाद, निहाल सिंह, बलूराम, चंद्रपाल, प्रदीप यादव, रतनलाल, कृष्ण कुमार, नरेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नंबरदारों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाने की मांग

- सीएम के पूर्व मीडिया एडवाइजर से मिले नंबरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा नंबरदार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया से गुरुग्राम स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर प्रदेश में नए नम्बरदारों की नियुक्तियों पर लगी रोक को जल्द हटाने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने इस मुद्दे पर सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया।



रेवाड़ी। सुदेश कटारिया से बैठक करते हुए नंबरदार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

प्रतिनिधिमंडल की सुदेश कटारिया के साथ यह लगातार दूसरी बैठक थी। बैठक का नेतृत्व सतीश नम्बरदार और टीकाराम नम्बरदार ने किया, जबकि सुन्दर लाल कटारिया ने समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक के दौरान हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के पूर्व सचिव बीर सिंह नंबरदार और दलीप नंबरदार ने नए नम्बरदारों की नियुक्ति पर लगी रोक का मुद्दा विस्तार से रखा।

### ये रहे मौजूद

प्रतिनिधिमंडल में जिला प्रधान उदयराज राव, जसवंत सिंह नंबरदार, डॉ. विजय चौहान, मोहनलाल, मंजीत नंबरदार, कृष्ण नंबरदार, राजवीर यादव, बहादुर सिंह, जयभगवान, संदीप नंबरदार, फकरुद्दीन नंबरदार, सुखीराम, दलीप सिंह, करण सिंह राघव, मदन मोहन, राज सिंह, सीताराम, रामअवतार, सतवीर, ओमप्रकाश, जयसिंह, इन्द्रजीत, हीरालाल, सतीश नंबरदार, हवा सिंह नंबरदार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में नंबरदार उपस्थित रहे।

## कबीर ने संतमत की नींव मजबूत की, उसे आगे बढ़ाने का जिम्मा सभी का: संत उमाकांत

- कबीर जयंती पर जयगुरुदेव नगर आश्रम में आयोजित हुआ विशाल सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सत्संग करते हुए संत उमाकांत व सतसंग सुनते हुए श्रद्धालु।

ज्येष्ठ पूर्णिमा एवं कबीर जयंती पर सोमवार को कसौला चौक स्थित जयगुरुदेव नगर आश्रम में आयोजित विशाल सत्संग में बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में मानवता अनेक संकटों का सामना कर रही है। ऐसे दौर में यदि लोगों को सुरक्षित रखना है तो उन्हें संतमत के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित करना होगा। लोगों को शाकाहारी, नशामुक्त बनाना होगा तथा 'जय गुरु देव' नामध्वनि का प्रचार-प्रसार करना होगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर साहब ने संतमत की बेल को बढ़ाने का कार्य किया था। अब आवश्यकता इस बात की है कि अधिक से अधिक लोगों को वर्तमान समय के संत से जोड़ा जाए, ताकि वे सही आध्यात्मिक मार्ग पर चल सकें। बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि संत कबीर का पालन-पोषण जुलाहा दंपति नीमा और नीरू ने किया था। बचपन से ही उन्हें कपड़ा बुनने का कार्य सिखाया गया, लेकिन आत्मज्ञान प्राप्त होने के बाद उनका उद्देश्य मानवता को सच्चे आध्यात्मिक मार्ग पर चलाना बन गया।

## *पीपीपी से जुड़ी शिकायतों का मौके पर समाधान डा. सतीश खोला ने सुनीं लोगों की समस्याएं*

- जन शिकायत निवारण कैंपों का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला के कार्यालय में सोमवार को जन शिकायत निवारण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे 125 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों के पास शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजा गया। कैंप में परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बिजली-पानी, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आ रही दिक्कतों सहित विभिन्न प्रशासनिक मामलों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान का प्रयास किया। डॉ. सतीश खोला ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से जन शिकायत निवारण कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हों और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

### न्यूज डायरी



## सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य के लिए मनाया वट पूर्णिमा का पर्व

रेवाड़ी। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को वट पूर्णिमा का पर्व पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाएं 16 श्रृंगार कर, हाथों में पूजा की थाली लिए नजदीकी वट वृक्ष के पास पहुंचीं और अपने पति की लंबी आयु व सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि शास्त्रों में वट वृक्ष को पूजनीय माना गया है क्योंकि इसमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन इस वृक्ष की पूजा करने से वैवाहिक जीवन के सभी दोष दूर होते हैं और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उनका कहना है कि सुहागिन महिलाओं ने बरगद के पेड़ को जल अर्पित किया और अक्षत, कुमकुम, भीगे चने व फल चढ़ाए। इसके बाद महिलाओं ने वृक्ष के चारों ओर कच्चे सूत को 7 या 108 बार लपेटते हुए परिक्रमा की और अपने अखंड सुहाग की कामना की। इस अवसर पर वट वृक्ष के नीचे सामूहिक रूप से माता सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा सुनी गई। बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि जिस तरह सती सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और पतिव्रत धर्म के बल पर यमराज से भी अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे, ठीक उसी तरह सुहागिनें इस परंपरा को निभाते हुए अपने परिवार के कल्याण की प्रार्थना करती हैं।

## विवेकानंद स्कूल के तीन निशानेबाज प्री-नेशनल के लिए चयनित



रेवाड़ी। विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर की निशानेबाजी अकादमी के तीन होनहार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हजारीवास निवासी नीलम कुमार के पुत्र पियूष, गुलाबी बाग निवासी जयकिशन के पुत्र गौरव तथा जाट भूरथल निवासी सोनू यादव के पुत्र कवी का प्री-नेशनल निशानेबाजी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। तीनों विद्यार्थियों ने दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित हरियाणा राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता और हरियाणा प्री-स्टेट प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तीनों ने प्री-नेशनल प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्र के लोगों ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक सुधीर यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और प्रशिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के ये होनहार खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अपने अभिभावकों, जिले और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है। विद्यार्थियों को आधुनिक खेल सुविधाएं और बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखारते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रहे हैं।



## लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने का मिला प्रेरणादायक अवसर : लक्ष्मण

रेवाड़ी। हरियाणा विधानसभा की पैटिशन कमेटी ने सोमवार को गुजरात लैजिस्लेटिव एसेंबली का अध्ययन दौरा किया। इस दौरान समिति सदस्यों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, जनहित याचिकाओं के निस्तारण की प्रक्रिया तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन किया। इस अवसर पर रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि गुजरात विधानसभा का भ्रमण उनके लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि यह वही ऐतिहासिक सदन है, जहां से विकास पुरुष नरेंद्र मोदी ने जनसेवा की मजबूत नींव रखी और देश को विकास की नई दिशा प्रदान की। विधायक ने कहा कि गुजरात विधानसभा की कार्यशैली, अनुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण केंद्रित सोच प्रत्येक जनप्रतिनिधि के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे अध्ययन दौरे विधायकों को बेहतर नीति निर्माण, प्रभावी प्रशासन और जनसेवा के नए आयामों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि गुजरात मॉडल से प्राप्त अनुभवों को हरियाणा में लागू कर जनहित से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर पैटिशन कमेटी के चेयरमैन विनोद भयाना, चंद्रप्रकाश, विधायक शकुंतला खटक सहित काफी लोग उपस्थित थे। गुजरात विधानसभा की ओर से डिप्टी स्पीकर पर्नेश मोदी, विधायक कालूभाई डाबी और विधायक मनुभाई पटेल ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया तथा विधानसभा की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी साझा की। अंत में दोनों राज्यों के जनप्रतिनिधियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाने, संसदीय परंपराओं को समृद्ध करने तथा जनसेवा के क्षेत्र में आपसी अनुभव साझा करने पर बल दिया।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


**कृषि परियोजनाएं की जाएंगी किसानों को समर्पित, देश भर से कृषि वैज्ञानिक पहुंचेंगे कार्यक्रम में**

**150 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे**

# सीएम और शिवराज का पहला आगमन बावल को बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शिवराज चौहान, नायब सिंह सैनी, राव इंद्रजीत सिंह, श्याम सिंह राणा, डा. वंदना पोपली, डा. कृष्ण कुमार। फोटो : हरिभूमि

सीएम बनने के बाद नायब सिंह सैनी और केंद्र में कृषि मंत्री बनने के बाद शिवराज सिंह चौहान 30 जून को पहली बार बावल आएंगे। इस दौरान लगभग 150 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर बावल की जनता को सीएम और केंद्रीय मंत्री से हलके के लिए किसी बड़ी सौगात का इंतजार भी रहेगा। लंबे समय के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री का इलाके में आगमन हो रहा है। इससे पूर्व गत वर्ष 6 जून को कृषि राज्यमंत्री चौ. भागीरथ जिले में आए थे। कैबिनेट मंत्री के रूप में संभवतया राव बिरेंद्र सिंह के बाद शिवराज चौहान बावल में आ रहे हैं।

कृषि मंत्री मंगलवार को बावल के चौ. चरण सिंह कृषि अनुसंधान केंद्र में खेत बचाओ अभियान का समापन करेंगे। सीएम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। केंद्र सरकार की ओर से कृषि के क्षेत्र में चलाई जा रही कई परियोजनाओं को केंद्रीय मंत्री किसानों को समर्पित करेंगे। वह कार्यक्रम के दौरान किसानों से सीधा संवाद करेंगे। देश भर से बड़ी संख्या में आने वाले कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों के साथ महत्पूर्ण और उन्नत खेती से संबंधित जानकारियां सांझा करेंगे। इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। भीड़ जुटाने के लिए विधायक डा. कृष्ण कुमार, जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली और राव समर्थकों ने पूरी ताकत लगाई हुई है। पार्टी के सभी पदाधिकारियों को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है। किसानों को जानकारी देने के लिए स्टाल लगाई जाएंगी। उन्हें कृषि की नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया जाएगा।

### सीनियर राव संभाल चुके केंद्र में कमान

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कैबिनेट में पूर्व सीएम व राव इंद्रजीत सिंह के पिता राव बिरेंद्र सिंह को वर्ष 1980 के चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद कृषि व सिंचाई मंत्री का बड़ा पद दिया गया था। 31 दिसंबर 1981 को केंद्रीय सिंचाई मंत्री रहते हुए राव बीरेंद्र सिंह ने ऐतिहासिक रावी-ब्यास के जल बंटवारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एग्रीमेंट पर पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री दरबारा सिंह, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल और राजस्थान के तत्कालीन सीएम शिवचरण माथुर के हस्ताक्षर कराये गए थे।

### पहले आगमन पर हुई 'मनोहर' घोषणा

मनोहर लाल का सीएम बनने के बाद बावल में पहला आगमन वर्ष 2015 में हुआ था। तत्कालीन मंत्री डा. बनवारीलाल के आग्रह पर उन्होंने मनेठी गांव में एम्स खुलवाने की बड़ी घोषणा की थी। हालांकि बाद में उन्होंने अपनी ही घोषणा को 'फिजिबल नहीं' बताते हुए पल्ला झाड़ लिया था, लेकिन इसके बाद क्षेत्र के लोगों के आंदोलन और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से एम्स का सपना साकार होता चला गया। अब नायब सिंह के आगमन पर भी लोगों को किसी बड़ी घोषणा का इंतजार है।

## घर-घर पहुंची पल्स पोलियो टीम, वंचित बच्चों को पिलाई दवा



रेवाड़ी। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सोमवार को जिले में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दो बूंदें दीं। अभियान का मुख्य उद्देश्य कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। रेवाड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वास्थ्यकर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों द्वारा पूरे उत्साह के साथ कार्य किया गया। जो बच्चे 28 जून को बूथों तक नहीं पहुंच सके, उन बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की टीमें उनके घरों पर जाकर पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित कर रही है।